हरिभूमि
# सीहोर भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, रविवार 19 अक्टूबर 2025

04 धनतेरस से पांच दिवसीय दीपोत्सव का हुआ...



07 10 जुआरियों पर की कार्रवाई, फड़ों से 5,150...





## खबर संक्षेप

### 1 से 6 नवंबर तक आयोजित होगा जिला स्तरीय युवा उत्सव

**सीहोर।** युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय के निर्देशानुसार 12 जनवरी को स्वामी विवेकानंद की जयंती के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय युवा दिवस तथा पूर्ण सप्ताह राष्ट्रीय युवा सप्ताह के रूप में मनाया जाएगा। जिसके अंतर्गत जिला स्तरीय युवा उत्सव का आयोजन 1 से 6 नवम्बर 2025 के मध्य सीहोर के चर्च ग्राउंड पर किया जाएगा। इसके तहत आयोजित गतिविधियों में 15 से 29 वर्ष आयु वर्ग के युवा 7 विधाओं जैसे भाषण, कहानी लेखन, कविता लेखन, पेंटिंग, समूह लोकगीत, समूह लोकनृत्य एवं विज्ञान मेला प्रदर्शनी में भाग ले सकते हैं। प्रतिभागी माय भारत पोर्टल पर पंजीयन कर जिला स्तरीय युवा उत्सव में शामिल हो सकते हैं। सभी प्रतिभागियों का माय भारत पोर्टल पर पंजीयन करना अनिवार्य है। पंजीयन उपरांत फार्म की प्रति खेल विभाग के कार्यालय में जमा कराना अनिवार्य है। अधिक जानकारी के लिए खेल और युवा कल्याण विभाग कार्यालय चर्च ग्राउंड सीहोर पर जाकर अथवा मोबाईल नंबर 9111600215 पर संपर्क किया जा सकता है।

### जवाहर नवोदय विद्यालय चयन पार्श्व परीक्षा आवेदन की अंतिम तिथि

**सीहोर।** जिले के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों के अध्ययन के लिए संचालित होने वाली जवाहर नवोदय विद्यालय चयन पार्श्व परीक्षा जो कि कक्षा 9 वी और कक्षा 11 वी की कक्षाओं में रिक्त सीटों के लिये आयोजित की जाएगी। इसके लिए विद्यार्थियों के रजिस्ट्रेशन की अंतिम तिथि 21 अक्टूबर 2025 निर्धारित की गई थी। इस तिथि को अब बढ़ाकर 24 अक्टूबर 2025 कर दिया गया है। विद्यार्थी अपना रजिस्ट्रेशन कक्षा 11 वी के लिए पोर्टल https://cbseitms.nic.in/2025/nvsxi 11/ तथा कक्षा 09 वीं के लिये पोर्टल पर करा सकते हैं। इसके साथ ही विद्यार्थी 24 अक्टूबर से 26 अक्टूबर 2025 तक अपने रजिस्ट्रेशन में वेबसाइट पर जाकर सुधार भी कर सकते हैं।

### छात्रवृत्ति के लिए आय सीमा 8 लाख

**सीहोर।** अनुसूचित जाति कल्याण विभाग द्वारा 15 अप्रैल 2023 को जारी आदेश 'अनुसूचित जाति एवं जनजाति वर्ग के विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति के लिए आय सीमा 6 लाख से बढ़ा कर 8 लाख रूपये किये जाने और अनुसूचित जाति एवं जनजाति वर्ग के विद्यार्थियों को विदेश अध्ययन छात्रवृत्ति मानविकी विषयों के लिए भी दिए जाने का मंत्रि-परिषद ने अनुसमर्थन किया।

---

### मुख्यमंत्री ने की कोलार मेजर लिफ्ट परियोजना में बिलकिसगंज के आसपास के 44 गांवों को शामिल करने की घोषणा

# अब सोलर पंप के माध्यम से बिजली बिल की चिंता से किसानों को मुक्त करेगी सरकार: मुख्यमंत्री

### मुख्यमंत्री ने सीहोर जिले के दो लाख से अधिक किसानों के खाते में अंतरित की 118 करोड़ से अधिक की फसल क्षति राहत राशि

हरिभूमि न्यूज ▸▸ सीहोर







मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सीहोर जिले के बिलकिसगंज में आयोजित कार्यक्रम में पीला मोजेक, कीट व्याधि एवं अतिवृष्टि से हुई सोयाबीन फसल क्षति से प्रभावित सीहोर जिले के 2,05,977 किसानों के खाते में 118 करोड़ 41 लाख रूपये की राहत राशि अंतरित की। इसके साथ ही मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने जिले के 69 करोड़ 38 लाख 36 हजार रूपये के विकास एवं निर्माण कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन भी किया। इस अवसर पर उन्होंने पीएम आवास सहित विभिन्न योजनाओं के हितग्राहियों को हितलाभ वितरित किए।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कहा कि आज धनतेरस के शुभ अवसर पर किसानों की चिंता को दूर करने के लिए सरकार द्वारा राहत राहत राशि प्रदान की जा रही है। उन्होंनें कहा कि हमारी सरकार किसान, गरीब, महिला और वंचित वर्गों की सरकार है। उन्होंने कहा कि किसान भारतीय अर्थव्यवस्था की रीढ़ है। हमारी सरकार किसानों की समृद्धि के लिए निरंतर कार्य कर रही है और उनके साथ खड़ी है। उन्होंने कहा कि किसानों को अभी केवल राहत राशि दी जा रही है, अभी फसलों का बीमा मिलना बाकी है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार का उद्देश्य है कि किसानों को उनकी फसलों का उचित दाम मिले इसके लिए हमारी सरकार किसानों की फसलों का निरंतर समर्थन मूल्य बढ़ा रही है। उन्होंने कहा कि सोयाबीन किसानों को उनकी फसल का उचित दाम मिले इसके लिए सरकार द्वारा भावांतर योजना प्रारंभ की गई है।मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि सीमा पर जवान और खेत में किसान, अपने-अपने तरीके से देश की सेवा करते हैं। हमारी सरकार के लिए दोनों का ही सम्मान सर्वोपरि है। राज्य सरकार किसान कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है। सिंचाई सुविधा हो या किसानों को उनकी फसलों का उचित मूल्य दिलाना, हमारी सरकार हर कदम पर किसान संबंधी विषयों में संवेदनशीलता के साथ सक्रिय है। प्रदेश में कभी सिंचाई का रकबा मात्र साढ़े 7 लाख हेक्टेयर था और हमारी सरकार आने के बाद सिंचाई का रकबा 53 लाख हेक्टेयर तक पहुंच गया है।

राज्य सरकार सोयाबीन किसानों को भी फसल का उचित दाम दिला रही है। अब कोदो-कुटकी भी सरकार खरीद रही है। संभवतः वर्ष 2028 तक सरकार 6000 रुपए प्रति क्विंटल से अधिक दाम पर सोयाबीन खरीदेगी। राज्य सरकार अगले वर्ष 2700 रुपए प्रति क्विंटल की दर से गेहूं खरीदेगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने किसानों और जवानों का समय बदलने के लिए विशेष प्रयास किया है। किसानों का जीवन सुगम बनाने के लिए हर स्तर पर गतिविधियां संचालित की जा रही है। स्कूली बच्चों को किताबें और ड्रेस निःशुल्क दी जा रही है। प्रदेश की 1.27 करोड़ बहनों को हर माह लाड़ली बहना योजना का लाभ मिल रहा है। दीपावली के बाद अब भाई दूज पर भी 250 रुपए अतिरिक्त दिए जाएंगे। अगले महीने से हर माह लाड़ली बहनों को 1500 रुपए की राशि भेजी जाएगी।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने किसानों को सोलर पंप लगाने के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि पहले 5 लाख रुपए तक के 5 हॉर्स पावर के पंप के लिए किसानों को 2 लाख रुपए खुद से लगाने पड़ते थे, अब सरकार इस पर 90 प्रतिशत का अनुदान दे रही है। राज्य सरकार ने प्रदेश के किसानों को 32 लाख सोलर पंप प्रदान करने का लक्ष्य रखा है। प्रदेश में उद्योग बढ़ाने के लिए सरकार कार्य कर रही है। युवाओं के लिए रोजगार के अवसर सृजित करने के लिए प्रदेश में लगातार इंडस्ट्री समिट की जा रही हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सीहोर के शरबती गेहूं की सराहना की। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी का लक्ष्य है कि ₹सबका साथ, सबका विकास₹, इस आधार पर हमारी सरकार सभी वर्गों के विकास के लिए निरंतर कार्यरत है। हमारी सरकार का लक्ष्य है कि समाज के प्रत्येक वर्ग का जीवन बेहतर से बेहतर हो और वह अपने क्षेत्र के विकास में भाग ले सके। उन्होंने कहा कि युवाओं के लिए अधिक से अधिक रोजगार के अवसर उपलब्ध हों, इसके लिए हमारी इन्वेस्टर्स समिट के माध्यम से निरंतर औद्योगिक विकास को बढ़ावा दे रही है। उन्होंने कहा कि हमारा प्रदेश सक्षम बने और सभी क्षेत्रों में देश में नंबर बने यही हमारा लक्ष्य है।

इस अवसर पर राजस्व मंत्री करणसिंह वर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के नेतृत्व में देश एवं प्रदेश निरंतर तरक्की कर रहा है। हमारी सरकार निरंतर समाज के प्रत्येक वर्ग को विकसित बनाने के लिए कार्य कर रही है। सरकार द्वारा गरीबों, किसानों, महिलाओं और बच्चों सहित समाज के प्रत्येक वर्ग के लिए अनेक जनकल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही है, ताकि समाज के अंतिम पंक्ति के व्यक्ति को भी योजनाओं का लाभ मिले।

#### इन कार्यों का किया लोकार्पण

कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ यादव ने 51 करोड़ 24 लाख 26 हजार के निर्माण एवं विकास कार्यों का लोकार्पण किया। इनमें उन्होंने 926.13 लाख रूपये लागत के सोगानी व्हाया ग्राम शिकारपुर से सेमली जदीद मार्ग, 267.36 लाख रूपये लागत के ग्राम गुलरछापरी से कलमपुरा मार्ग, 1202.38 लाख रूपये लागत के कोठरीकलॉ से निपानिया मार्ग, 526.01 लाख रूपये लागत के कोठरी से रसूलपुरा मार्ग, 689.70 लाख रूपये लागत के इन्ड्रस्ट्रीज एरिया बड़यिाखेड़ी से बड़नगर तक सीसी मार्ग, 351.82 लाख रूपये लागत के श्यामपुर बस स्टेण्ड से मण्डी तक सीसी मार्ग, 690.12 लाख रूपये लागत के ग्राम लसुडिया परिहार व्हाया ग्राम खेरिया से ग्राम बिजलोन तक पुलिया सहित मार्ग, 420.74 लाख रूपये लागत के जनजातीय सीनियर कन्या छात्रावास बिलकिसगंज तथा 50.00 लाख रूपये लागत के ग्राम दिमावर जिला सीहोर में मंदिर के समीप सामुदायिक जनसुविधा निर्माण कार्य का लोकार्पण किया।

#### इन कार्यों का किया भूमिपूजन

कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ यादव ने 18 करोड़ 14 लाख 40 हजार रूपये के निर्माण एवं विकास कार्यों का भूमिपजून किया। इनमे उन्होंने ग्राम ढाबला में नवीन विद्युज उपकेंद्र का निर्माण कार्य 208.81 लाख रूपये, जिला दिव्यांग पुनर्वास केन्द्र जिला सीहोर के भवन का निर्माण 422.89 लाख रूपये, जनपद पंचायत भवन निर्माण जनपद पंचायत इछावर 525.67 लाख रूपये के निर्माण कार्यों का भूमिपूजन किया। इसी प्रकार मुख्यमंत्री डॉ यादव ने सीहोर जिले के अहमदपुर, खण्डवा, उलझावन, खामखेड़ा जत्रा, कुरावर, लौरासकंला, फूडरा, सिद्दीकगंज, भाउखेड़ी, नयापुरा और सरदारनगर के शासकीय हायर सेकेण्ड्री स्कूलों में 59.73 - 59.73 लाख रूपये के मान से कुल 06 करोड़ 57 लाख 03 हजार रूपये लागत से बनने वाली केमेस्ट्री, फिजिक्स एवं बायोलॉजी लेब्स निर्माण कार्यों का भूमिपूजन किया। इन 11 शासकीय हायर सेकेण्ड्री स्कूलों में 06 करोड़ 57 लाख 03 हजार रूपये की लागत से केमेस्ट्री, फिजिक्स एवं बायोलॉजी लैब बनाई जाएंगी। कार्यक्रम में विधायक रमाकांत भार्गव, सुदेश राय, गोपालसिंह इंजिनियर, भाजपा जिला अध्यक्ष नरेश मेवाड़ा, जिला पंचायत अध्यक्ष रचना सुरेंद्र मेवाड़ा, पिछड़ा वर्ग आयोग के सदस्य सीताराम यादव, नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर, देवेंद्र वर्मा, सीहोर जनपद अध्यक्ष नावड़ी बाई, कलेक्टर बालागुरू के., जिला पंचायत सीईओ सर्जना यादव, एसपी दीपक कुमार शुक्ला, श्री रवि मालवीय, सन्नी महाजन, पूर्व विधायक रघुनाथ मालवीय, पंकज गुप्ता सहित अनेक जनप्रतिनिधि, अधिकारी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

#### मुख्यमंत्री की घोषणाएं

इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ यादव ने राजस्व मंत्री करणसिंह वर्मा के अनुरोध पर कोलार मेजर लिफ्ट परियोजना में इछावर क्षेत्र के बिलकिसगंज सहित 44 ग्रामों को शामिल करने की घोषणा की। इसके साथ ही उन्होंने इछावर नगर परिषद में विकास कार्यों के लिए विशेष निधि से अनुदान देने की घोषणा की। कार्यक्रम की शुरूआत में मुख्यमंत्री डॉ यादव ने अनेक विभागों और स्व सहायता समूह की दीदियों द्वारा लगाई गई प्रदर्शनियों एवं स्टॉल्स का भी अवलोकन किया तथा स्व सहायता समूह की दीदियों द्वारा तैयार किए पोषक उत्पादों की सराहना की।

मुख्यमंत्री डॉ यादव सीहोर जिले की आठ तहसीलों में पीला मोजेक एवं कीट व्याधि से प्रभावित 1,87,140 किसानों के खाते में 101 करोड़ 70 लाख 90 हजार 999 रूपये की अंतरित की। इसी प्रकार उन्होंने अतिवृष्टि से प्रभावित 02 तहसीलो के 18, 837 सोयाबीन उत्पादक किसानों के खाते में 16 करोड़ 70 लाख 36 हजार रूपये की राहत राशि अंतरित की। उल्लेखनीय है कि भैरूंदा एवं बुधनी के किसानों की फसल अतिवृष्टि से तथा आष्टा, जावर, रेहटी, इछावर, श्यामपुर, दोराहा, सीहोर ग्रामीण तथा सीहोर नगर के किसानों की फसल पीला मोजक एवं कीट व्याधी से खराब हुई थी।

---

### नन्हें बच्चों में दीपावली को लेकर उत्साह: बच्चों ने सेव अर्थ के मैसेज के साथ बनाई सुंदर रंगोली




**सीहोर।** जिले के स्थानीय विद्यालयों में बच्चों ने दिवाली का पर्व बड़े उत्साह और आनंद के साथ मनाया। इस अवसर पर स्कूलों में दीपक सजाओ, रंगोली बनाओ और पटाखे जलाओ जैसी प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। छात्रों ने पूरे जोश के साथ हिस्सा लेकर स्कूल परिसर को रंग-बिरंगे दीपों और सुंदर सजावट से रोशन कर दिया। ब्लू बर्ड स्कूल में विशेष दिवाली महोत्सव का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने रंगोली और मिट्टी के दीपों की सजावट प्रतियोगिताओं में बढ़-चढ़कर भाग लिया। पूरे स्कूल को आकर्षक रंगीन झिलमिल लाइटों और फूलों से सजाया गया था। छात्राओं ने अपनी शिक्षिकाओं के साथ मिलकर एक बड़ी और मनमोहक रंगोली बनाई, जिसने सभी का ध्यान आकर्षित किया। कक्षा नर्सरी से लेकर दसवीं तक के विद्यार्थियों ने शिक्षकों की देखरेख में फुलझड़ी, अनार और चक्री जैसे पारंपरिक पटाखे जलाए। बच्चों की खुशी और उत्साह से पूरा माहौल रोशनी और आनंद से भर गया। स्कूल प्रशासन ने बच्चों की सुरक्षा के सभी इंतजाम पहले से ही सुनिश्चित किए थे। कार्यक्रम के अंत में स्कूल के डायरेक्टर बसंत दसवानी ने बच्चों को दिवाली के महत्व और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि दिवाली सिर्फ रोशनी का त्योहार नहीं, बल्कि एकता, प्रेम और हमारी सांस्कृतिक विरासत को सहेजने का अवसर है। उन्होंने बच्चों से अपील की कि वे प्रदूषण रहित और सुरक्षित दिवाली मनाएँ।

---

# नपाध्यक्ष प्रिंस राठौर ने सीएम से नर्मदा-पार्वती लिंक परियोजना का कार्य पूर्ण करने की मांग की

### नर्मदा जल से बुझेगी प्यास, हर वार्ड में आधा दर्जन से अधिक टंकियों से होगी सप्लाई



**सीहोर।** नर्मदा का जल सीहोर आने की राह आसान करने के लिए नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर ने शनिवार को जिला मुख्यालय के समीपस्थ ग्राम बिलकिसगंज में प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से नर्मदा जल को शहर के विभिन्न वार्डों में जल सप्लाई करने के विषय में चर्चा की। इस मौके पर उन्होंने कहाकि हमारे विधायक सुदेश राय की पहल के बाद सीहोर नगर को भी इस योजना में जोड़ा जा चुका है। इस परियोजना में शासन 6493 करोड़ रुपए खर्च कर रहा है। परियोजना पूरी होने से सालों से जलसंकट का दंश झेल रहे शहरवासियों को काफी हद तक राहत मिलेगी।

इस मौके पर नगर पालिका के अमले का कहना है कि नगर पालिका अध्यक्ष श्री राठौर के द्वारा शनिवार को सीएम डॉ. यादव से नर्मदा-पार्वती लिंक परियोजना पर तेजी से कार्य करने पर चर्चा की गई। इस दौरान नपाध्यक्ष श्री राठौर ने सीएम को बताया कि हजारों करोड़ों की इस योजना से हर वार्ड के लोगों को नर्मदा का जल की आपूर्ति की जाएगी। उन्होंने बताया कि नगर पालिका के द्वारा आधा दर्जन से अधिक पानी की टंकियां का निर्माण कार्य तेजी से किया जा रहा है। नर्मदा का पानी भगवानपुरा डेम से इन पानी की टंकियों के माध्यम से क्षेत्रवासियों को वितरण किया जाएगा। जिससे पानी की समस्या का समाधान हो जाएगा। नपाध्यक्ष श्री राठौर के नेतृत्व में करीब 32 करोड़ की अमृत योजना 2.0 से शहरवासियों को आगामी दिनों में नियमित रूप से पेयजल की सप्लाई हो सकेगी। अध्यक्ष श्री राठौर के द्वारा 16 लाख लीटर क्षमता वाली पेयजल टंकी के निर्माण कार्य का भूमि पूजन किया गया है। इसके अलावा आधा दर्जन टंकियों का निर्माण के साथ जर्जर पाइप लाइन से भी मुक्ति का क्रम जारी है। शहर में पेयजल समस्या के निवारण को लेकर अमृत योजना मिशन 2.0 का भूमि पूजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। नई पाइप लाइन बिछाने के बाद 25 साल तक शहर की पानी की जरूरत को आसानी से पूरा किया जा सकेगा और जर्जर पाइप लाइन से मुक्ति मिलेगी।

#### शहर की पेयजल समस्या के समाधान अमृत 2.0

नपाध्यक्ष राठौर ने कहा कि शहर की पेयजल समस्या के समाधान अमृत 2.0 के आने से हो रहा। इसके अलावा क्षेत्रवासियों को प्रतिदिन पानी सप्लाई का इंतजाम किया जाएगा। सालों से शहर के वार्डों में डाली गई पाइप लाइनों से पानी की सप्लाई हो रही है, जिसमें कई पाइप जर्जर होने से गंदा पानी आने की भी समस्या बनी रहती है। अमृत 2.0 योजना अंतर्गत करोड़ों की लागत से शहर में सैकड़ों किमी में पेयजल लाइनों का विस्तार किया जाएगा। सालों से शहर के वार्डों में डाली गई पाइप लाइनों से पानी की सप्लाई हो रही है, जिसमें कई पाइप जर्जर होने से गंदा पानी आने की भी समस्या बनी रहती है। इस समस्या का स्थायी समाधान करने के लिए नगर पालिका आगामी दिनों में शहर में अमृत 2.0 योजना अंतर्गत करोड़ों की लागत से शहर में सैकड़ों किमी में पेयजल लाइनों का विस्तार किया जाएगा। इसके अलावा नई आधा दर्जन से अधिक पानी टंकियों का निर्माण के अलावा करीब 100 किलोमीटर से अधिक पाइप लाइन बिछाई का कार्य तेजी से किया जा रहा है।

---

### दीपावली पर्व पर शहरवासियों को दी बड़ी राहत

# वीआईपी सड़क निर्माण रुकवाकर नपा अध्यक्ष प्रिंस राठौर ने खुद खड़े होकर सड़क धुलवाई

हरिभूमि न्यूज ▸▸ सीहोर




नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस विकास राठौर के नेतृत्व वाली 'नगर सरकार' ने दीपावली पर्व पर शहरवासियों को बड़ी राहत दी है। शहर के सबसे व्यस्त और महत्वपूर्ण मार्ग कोतवाली चौराहा से भोपाल नाका तक निर्माणाधीन 'टू लेन वीआईपी सडक़' का काम नागरिकों की सुविधा के लिए फिलहाल रुकवा दिया गया है। इतना ही नहीं निर्माण कार्य के कारण फैली धूल से आमजनों को परेशानी न हो, इसके लिए स्वयं नगर पालिका अध्यक्ष राठौर ने आगे आकर सडक़ की सफाई और धुलाई कराई। यह वीआईपी सडक़ शहर के एजुकेशन हब के रूप में पहचानी जाती है। यह मार्ग पीजी कॉलेज, कन्या कॉलेज, स्वामी विवेकानंद कॉलेज, पॉलिटेक्निक कॉलेज सहित कई प्रमुख शिक्षण संस्थानों को जोड़ता है। लंबे समय से नागरिकों की मांग थी कि इस व्यस्त मार्ग को टू लेन बनाया जाए, जिसे नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस विकास राठौर ने प्राथमिकता से पूरा करने का बीड़ा उठाया है। हालांकि निर्माण कार्य चलने के कारण पिछले कुछ दिनों से धूल की समस्या उत्पन्न हो रही थी। नागरिक अच्छी सुविधा के लिए इस असुविधा को खुशी-खुशी सह रहे थे।

#### दीपावली पर खुद संभाला मोर्चा

आज धनतेरस के साथ दीपावली पर्व की शुरुआत हो चुकी है। नागरिकों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो, जिसे ध्यान में रखते हुए नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस विकास राठौर ने तत्काल प्रभाव से निर्माण कार्य को रुकवा दिया। इसके बाद उन्होंने व्यक्तिगत रूप से मौके पर खड़े होकर फायर ब्रिगेड और नगर पालिका के अमले की मदद से पूरी सडक़ को धुलवाया और निर्माण के कारण जमा हुई धूल को साफ करवाया। नगर पालिका अध्यक्ष की इस पहल से सडक़ के दोनों ओर निवासरत लोगों और राहगीरों को बड़ी राहत मिली है। नागरिकों ने इस पहल के लिए प्रिंस विकास राठौर को धन्यवाद भी दिया है।

खबर संक्षेप

### अवकाश के दिन भी बिजली बिल भुगतान केंद्र खुलेंगे

**सीहोर।** मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के कार्य क्षेत्र के अंतर्गत 07 अक्टूबर (महर्षि वाल्मीकी जयंती), 21 अक्टूबर (गोवर्धन पूजा), समस्त शनिवार (04, 11, 18 एवं 25 अक्टूबर) तथा समस्त रविवार (05, 12, 19 एवं 26 अक्टूबर)को बिल भुगतान केन्द्र सामान्य कार्य दिवसों की तरह कार्य करते रहेंगे। भोपाल शहर वृत्त के अंतर्गत चारों शहर संभाग यथा पश्चिम, पूर्व, दक्षिण तथा उत्तर संभाग के अंतर्गत सभी जोनल कार्यालय और दानिश नगर, मिसरोद, मण्डीदीप में बिल भुगतान केन्द्र उक्त अवकाश के दिन भी सामान्य कार्य दिवस की तरह खुले रहेंगे। बिजली उपभोक्ताओं से अपील है कि वे राजधानी के जोनल आफिस में पीओएस (pos) मशीन से कैश के जरिए बिल भुगतान तथा ऑनलाइन भी बिल भुगतान कर सकते हैं। कंपनी ने यह भी निर्देश दिए हैं कि कंपनी कार्य क्षेत्र के सभी 16 जिलों में बिजली वितरण केन्द्र/बिल भुगतान केन्द्र अवकाश के दिनों में खुले रहेंगे। इसके लिए सभी मैदानी महाप्रबंधकों को निर्देशित किया गया है।

### श्री खेड़ापति मारुति मंदिर पर भंडारा 26 को

**देवास।** श्री खेड़ापति रामायण मण्डल द्वारा प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी विशाल भण्डारे का आयोजन होने जा रहा है। मंडल के हरिनारायण विजयवर्गीय ने बताया कि श्री गणेशोत्सव, माँ शारदीय नवरात्रि महापर्व एवं ऐतिहासिक विसर्जन चल समारोह के सफलत रूप से सम्पन्न होने के उपलक्ष्य में श्री खेड़ापति मारूति मंदिर प्रांगण में 26 अक्टूबर, रविवार को दोपहर 12.30 बजे से विशाल भण्डारा आरती के पश्चात प्रारंभ होगा, जो प्रभु इच्छा तक चलेगा।

मण्डल के गणेश विजयवर्गीय, प्रहलाद अग्रवाल, कल्याण भूतडा आदि ने श्रद्धालु से प्रसादी ग्रहण करने की अपील की ।

### पुलिस ने ट्रैक्टर चोरी का किया खुलासा

देवास। जिले के कमलापुर थाना अंतर्गत पुलिस ने एक ट्रैक्टर चोरी का मामला सुलझा लिया है। पुलिस ने 5 लाख रुपये का जॉन डियर ट्रैक्टर बरामद कर एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। यह घटना 15 अक्टूबर को देवास के कमलापुर थाना क्षेत्र में हुई थी।

धन की वर्षा पर, शनि का साया पूरे दिन छाया रहा अंधेरा

# धनतेरस से पांच दिवसीय दीपोत्सव का हुआ शुभारंभ, बाजारों की नहीं दिखी ग्राहकों को भीड़

धनतेरस के दिन शुभ मुहूर्त में ग्राहकों ने ट्रैक्टर, कार, दो पहिया वाहनों की बुकिंग की खरीदी की तो वहीं इलेक्ट्रिकल्स, बाइक भी खरीदी, मोबाइल फोन, फ्रिज वाशिंग मशीन, एलईडी टीवी मोबाइल एसेसरीज, अन्य सामग्री की खरीदी की। दुकानदारों ने ग्राहकों को आकर्षित करने के लिए विशेष छूट और ऑफर भी दिए, लेकिन इसके बावजूद ग्राहकों भीड़ कम रही।





हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरुंदा

धन की वर्षा माने जाने वाले पर्व धनतेरस पर्व को लेकर शनिवार सुबह से ही शहर के बाजारों में रौनक फीकी रही। वहीं शनि का साया का असर भी देखने को मिला। इधर शनिवार को सुबह से ही आसमान के बादल छाए रहे और पूरे दिन इसका असर देखने को मिला। धनतेरस पर्व दीपावली के शुभारंभ के रूप में माने जाने वाले इस पर्व पर लोगों ने घरों की सजावट, बर्तन, सोना-चांदी और इलेक्ट्रॉनिक सामानों की खरीदारी शुरू कर दी। हालांकि, इस बार धनतेरस शनिवार को पड़ने के कारण बाजारों में पहले जैसी चहल-पहल नहीं देखी जा रही है। सुबह से ही नगर के विभिन्न बाजार—जेपी मार्केट रॉयल मार्केट पर दुकानें आकर्षक रोशनी और सजावट से जगमगाती नजर आईं। दुकानदारों ने ग्राहकों को आकर्षित करने के लिए विशेष छूट और ऑफर भी दिए, लेकिन इसके बावजूद ग्राहकों भीड़ कम रही।

#### चार व दो पहिया शोरूम से हुई वाहनों की खरीदी

धनतेरस के दिन शुभ मुहूर्त में ग्राहकों ने ट्रैक्टर, कार , दो पहिया वाहनों की बुकिंग की खरीदी की। तो वहीं इलेक्ट्रिकल्स, बाइक भी खरीदी , मोबाइल फोन, फ्रिज वाशिंग मशीन, एलइडी टीवी मोबाइल एसेसरीज, अन्य सामग्री की खरीदी की। धनतेरस से दीपावली के पंचदिवसीय पर्व की शुरुआत होती है। यह पर्व आरोग्य, धन-समृद्धि और परिवार की सुरक्षा का प्रतीक माना जाता है। इस दिन मां लक्ष्मी और भगवान धन्वंतरि की पूजा की जाती है, और लोग शुभ मानकर धातु, बर्तन, झाड़ू, मोरपंख , अन्य वस्तुएं की खरीदी करते हैं।

धनतेरस पर्व पर जहां ग्राहकों ने सोने चांदी, कपड़े मोबाइल वाहनों की खरीदी की तो वहीं नगर में लगे दशहरा मैदान पर पटाखों की खरीददारी की। साज सज्जा की सामग्री, रंगोली कलर, रोशनी के लिए लाइटिंग सीरिज सहित कई सामग्री की खरीदी हुई। मिट्टी के दीपक, माता लक्ष्मी संग गणेश भगवान की फोटो, पूजन सामग्री की खरीदी की।

स्थानीय दुकानदारों का कहना है कि शनिवार का दिन खरीदारी पर असर रहा। बाजार में उतनी भीड़ नहीं है, जितनी आमतौर पर धनतेरस पर होती है। बर्तन और सोना-चांदी की दुकानों पर कुछ ग्राहकों की आवाजाही जरूर रही लेकिन रोजमर्रा की वस्तुओं और पारंपरिक सामानों की बिक्री में गिरावट आई है। तो वहीं उम्मीद जताई है बचे दो दिनों में ग्राहकों को भीड़ बढ़ सकती है, क्योंकि कई लोग पूजा के शुभ मुहूर्त में खरीदारी करना पसंद करते हैं। दीपावली में बचे दो दिन में बाजारों में फिर से रौनक लौटने की संभावना है।

## कुबेरेश्वरधाम पर धनतेरस पर पांच क्विंटल मीठी बूंदी का लगाया भोग

**सीहोर।** प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी जिला मुख्यालय के समीपस्थ चितावलिया हेमा स्थित निर्माणाधीन मुरली मनोहर एवं कुबेरेश्वर महादेव मंदिर में दीपावली का पर्व आस्था और उत्साह के साथ मनाया जा रहा है। इस मौके पर शनिवार को धनतेरस के पावन अवसर पर देर रात्रि को अंतर्राष्ट्रीय कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा ने हजारों श्रद्धालुओं के मध्य बाबा की आरती की। वहीं सुबह भंडारे का आयोजन किया गया था, जिसमें हजारों श्रद्धालुओं को यहां पर चलाए जा रहे निशुल्क भंडारे में करीब पांच क्विंटल से अधिक मीठी बूंदी का भोग लगाकर वितरण किया।



इस मौके पर विठलेश सेवा समिति के पंडित विनय मिश्रा ने बताया कि दीपावली के पावन अवसर पर होने वाली पूजा-अर्चना की विधि-विधान पर चर्चा करते हुए कहा कि कार्तिक माह में पूर्ण निष्ठा और भक्ति भाव से पूजा अर्चना करने से मनोकामनाएं पूरी होती हैं। कार्तिक महीने में बड़े और मुख्य तीज-त्योहार पड़ते हैं। कार्तिक महीने की शुरुआत शरद पूर्णिमा से हो जाती है। इसके बाद करवा चौथ, धनतेरस, रूप चौदस, दीपावली, गोवर्धन पूजा, भैया दूज, देव उठनी एकादशी आदि पर्व मनाए जाएंगे।

## हुनरबाज स्वरोजगार से जुड़े दिव्यांगजनों का विधायक राय ने खरीदारी कर बढ़ाया हौसला



**सीहोर।** दिव्यांगजनों के सशक्तीकरण के लिए गीता भवन परिसर में गुरूवार को लगाए गए हुनर से आत्मनिर्भरता शिविर के दौरान कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि विधायक सुदेश राय ने स्टालों पर पहुंचकर हुनरबाज स्वरोजगार से जुड़े दिव्यांगजनों के द्वारा बनाए गए चित्रों गुलदस्तों दीपकों सहित अन्य सजावटी उत्पादों को खरीद कर दिव्यांगजनों का हौसला बढ़ाया। विधायक सुदेश राय ने प्रदर्शनी में पहुंचे सभी दिव्यांगजनों की सराहना की और बच्च्चों को आगे बढने के लिए प्रेरित किया। राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य पुनर्वास संस्थान के द्वारा दिव्यांगजन सशक्तिकरण समाजिक न्याय विभाग के द्वारा पर्पल फेयर 2025 कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रदर्शनी के दौरान दिव्यांग सशक्तिकरण से जुड़े अनेक संस्थानों एनजीओ के द्वारा अपने स्टाल लगाए गए। प्रदर्शनी में दिव्यांग बच्चों के द्वारा रंगारंग कार्य भी प्रस्तुत किए गए। विधायक सुदेश राय ने अनेक दिव्यांगजनों को पुररूकार भी प्रदान किए।

## शांति बाल निकेतन में हर्षोल्लास से बच्चों के साथ मनाया दीपोत्सव



देवास । भारत की संस्कृति और विविधता में एकता की भावना एवं छात्रों में सामुदायिक भावना को बढ़ावा देने के उद्देश्य से दीपावली उत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। संचालक राजेश गोयल एवं प्राचार्य पल्लवी जाधव के निर्देशन में शिक्षक शिक्षिकाओं के मार्गदर्शन एवं सहयोग से विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।

जिसमें रंगोली, दीया मेकिंग, कार्ड मेकिंग प्रतियोगिता में बच्चों ने बढ चढ़ कर भाग लिया तथा राम-लक्षमण-सीता जैसे दैवीय पात्रों का अभिनय कर रंगारंग कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी तथा कुछ छात्रों ने संस्कृत के श्लोक, भजन एवं नृत्य के द्वारा धार्मिक कार्यक्रमों का संदेश दिया। अंत में सभी विद्यार्थियों को बधाई देते हुए पटाखे वितरित कर पटाखे चलाते समय सावधानी बरतने के निर्देश दिये तथा बडो के निर्देशन में ही पटाखे चलाने की हिदायत दी।

## रैली से एड्स के प्रति किया जागरुक

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

महारानी पुष्पमाला राजे पवार शासकीय कन्या महाविद्यालय की रेड रिबन क्लब इकाई द्वारा शनिवार को महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ जी डी सोनी के मार्गदर्शन में गोद ग्राम सिंगावदा में 12 अगस्त से 12 अक्टूबर तक संचालित सघन जागरूकता अभियान के अंतर्गत व्याख्यान एवं जन जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में अपने व्याख्यान में प्रो वर्षा जायसवाल ने एचआईवी एड्स एवं स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं से संबंधित आवश्यक जानकारी दी। डॉ क्रांतदर्शी सिंदल ने एड्स फैलने के कारण एवं रोकथाम पर विद्यार्थियों को जानकारी प्रदान की विद्यालय की शिक्षिका अजीता





सराफ ने भी एड्स जागरूकता से संबंधित विचार व्यक्त किए। गोद ग्राम में जन जागरूकता रैली के माध्यम से ग्राम वासियों को एड्स जैसी घातक बीमारी तथा स्वास्थ्य के प्रति लोगों में जागरूकता एवं रक्तदान के लिए जागरूकता हेतु रैली में छात्र-छात्राओं द्वारा स्लोगन एवं नारे के रूप में प्रस्तुत कर सभी को जागरूकता का संदेश दिया गया। रैली में विद्यालय के छात्र-छात्राएं एवं महाविद्यालय की स्वयं सेवक छात्राएं उपस्थित रही। जन जागरूकता रैली का संचालन रेड रिबन क्लब की कार्यक्रम अधिकारी डॉ क्रांतदर्शी सिंदल द्वारा किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के प्राचार्य अनिल सोलंकी द्वारा की गई तथा कार्यक्रम में विद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

## किसानों ने सीएम हाउस में बांधा समां, किया डांडिया नृत्य



हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

धनतेरस के शुभ अवसर पर सीहोर जिले के किसानों ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के भोपाल स्थित मुख्यमंत्री निवास में आयोजित किसान सम्मेलन को उत्सव में बदल दिया। सीहोर और आस-पास के क्षेत्रों से पहुंचे किसानों ने अपनी पारंपरिक वेशभूषा में आकर मुख्यमंत्री का जोरदार स्वागत किया और डांडिया नृत्य प्रस्तुत कर सीएम हाउस में अनूठा समां बांध दिया।

शनिवार सुबह मुख्यमंत्री निवास परिसर में 2500 से अधिक किसानों का जमावड़ा लगा, जिसमें सीहोर के किसानों का उत्साह देखते ही बन रहा था। किसान व समाजसेवी एमएस मेवाड़ा के नेतृत्व में ग्राम चंदेरी, रामाखेड़ी, हीरापुर, कमलिया, बिशनखेड़ी, आलमपुरा, बिलकिसगंज, सेवनिया, छापरीकला, टीला खेड़ी सहित दर्जनों गांवों के किसान पारंपरिक वेशभूषा में पहुंचे।

#### मुख्यमंत्री ने किया बड़ा ऐलान

किसानों के इस कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सीहोर सहित प्रदेशभर के किसानों को धनतेरस का एक बड़ा तोहफा देते हुए घोषणा की। मुख्यमंत्री ने घोषणा की कि अब किसानों को सोलर पंप पर सरकार 90 प्रतिशत तक सब्सिडी देगी। इसका अर्थ है कि किसान को केवल 10 प्रतिशत राशि ही देनी होगी। उन्होंने बताया कि 5 हॉर्स पावर के कनेक्शन पर किसान को केवल साढ़े सात हजार रुपये देने होंगे, जबकि सरकार इस पर 51 हजार रुपये की सब्सिडी देगी।

इससे किसान सिंचाई के साथ-साथ घर की बिजली की जरूरत भी पूरी कर सकेंगे। मुख्यमंत्री ने फूड प्रोसेसिंग यूनिट्स स्थापित करने और सोयाबीन में भावांतर की राशि किसानों को देने की भी घोषणा की। उन्होंने बताया कि भाईदूज पर किसानों को 250 अतिरिक्त दिए जाएंगे।

#### सीएम को किया हल भेंट

सीहोर के किसानों ने डांडिया नाच करते हुए मुख्यमंत्री को लकड़ी का हल भेंट किया। कुछ किसानों ने सोयाबीन की फसल का गुलदस्ता भी मुख्यमंत्री को सौंपा। किसान व समाजसेवी एमएस मेवाड़ा के नेतृत्व में किसानों ने मुख्यमंत्री से कई महत्वपूर्ण मांगें रखीं। जिनमें सीहोर जिले के किसानों को आरबीसी 6.4 में राहत रजिस्ट्री देने की घोषणा।

किसानों को बीमा राशि प्रदान करने की मांग। गांवों में सीसी रोड सडक़ निर्माण की मांग। मुख्यमंत्री डॉण यादव ने किसानों की सभी समस्याओं को हल करने की बात कहते हुए लकड़ी का हल सहर्ष स्वीकार किया। इस दौरान कृष्ण और बलराम की वेशभूषा में आए बच्चों की प्रस्तुति से मुख्यमंत्री इतने प्रभावित हुए कि उन्होंने तत्काल बच्चों को 5.5 हजार रुपये देने की घोषणा कर दी। सांसद दर्शन सिंह ने भी किसानों के बीच डांडिया नृत्य किया।

कार्यक्रम में जिले से किसान मनोहर राजपूत, मांगीलाल किशन, गोपाल सिंह, प्रहलाद सिंह, ज्ञान सिंह, मोतीलाल, राम सिंह मेवाड़ा, कुबेर सिंह, गुलाब सिंह परमार, बजरंग सिंह नागर, नितेश नागर, पदम सिंह मेवाड़ा, देवकरण पूर्व सरपंच, हिम्मत सिंह मेवाड़ा, राजेश पटेल, कुलदीप सहित अनेक किसान उपस्थित रहे।

## सेन थॉम ग्रुप ऑफ स्कूल्स में रंगारंग कार्यक्रमों के साथ छात्र-छात्राओं ने मनाया दीपावली उत्सव

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

सेन थॉम ग्रुप ऑफ स्कूल्स में दीपों का पर्व दीपावली बड़े उत्साह और सांस्कृतिक उल्लास के साथ मनाया गया।सेन थॉम एकेडमी, भोपाल रोड में आयोजित समारोह में रंगारंग प्रस्तुतियाँ आकर्षण का केंद्र रहीं।

कार्यक्रम की शुरुआत एक भावपूर्ण राम भजन से हुई, जिसने पूरे वातावरण को भक्ति और श्रद्धा से भर दिया। इसके बाद कविताएँ और नृत्य प्रस्तुतियाँ जूनियर और सीनियर विद्यार्थियों द्वारा दी गईं, जिन्होंने पूरे माहौल में उत्सव का रंग बिखेर दिया। भगवान श्रीराम के जीवन पर आधारित नृत्य नाटिका कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण रही, जिसमें विद्यार्थियों ने अपने भावपूर्ण अभिनय से धर्म और सत्य के मार्ग का सशक्त संदेश दिया।कार्यक्रम में





एक सार्थक पहल जोड़ते हुए, प्राथमिक वर्ग के विद्यार्थियों ने एक प्रेरणादायक नाटक प्रस्तुत किया, जिसमें पर्यावरण अनुकूल (इको-फ्रेंडली) दीपावली मनाने का संदेश दिया गया। बच्चों ने बताया कि पटाखों से न केवल पर्यावरण प्रदूषित होता है, बल्कि यह पक्षियों और जानवरों के लिए भी हानिकारक है।सेन थॉम पब्लिक स्कूल, बद्रीधामनगर में विद्यार्थियों ने "एक दीवाली दिलवाले" शीर्षक से एक हृदयस्पर्शी नाटक प्रस्तुत किया, जिसमें बिना पटाखों वाली दीपावली मनाने और जरूरतमंदों के साथ अनुपयोगी वस्तुएँ बाँटकर खुशियाँ फैलाने का संदेश दिया।

दीपावली पर भाषण और कविता ने भी कार्यक्रम की गरिमा को बढ़ाया। नन्हे-मुन्नों ने "राम आएंगे" थीम पर एक मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किया, जिससे वातावरण में भक्ति और उल्लास का भाव फैल गया।दोनों संस्थानों में मोमबत्ती सजावट, दीपका सजानाऔरतोरण सजावट जैसी रचनात्मक गतिविधियाँ आयोजित की गईं, जिन्होंने उत्सव की सुंदरता को और बढ़ाया।पूरे आयोजन ने भक्ति, सृजनशीलता और जागरूकता का अद्भुत संगम प्रस्तुत किया और सभी को दीपावली के सच्चे संदेश की याद दिलाई।

## खाटू श्याम मंदिर में एकादशी महोत्सव मनाया

**देवास।** अमृत नगर स्थित खाटू श्याम मंदिर में एकादशी महोत्सव मनाया गया। खाटू श्याम बाबा का मनमोहक श्रृंगार केसर, चंदन, व रंग बिरंगे फूलो से किया गया। सुबह बाबा श्याम की मंगला आरती कर बाबा श्याम का अलौकिक श्रृंगार किया। 56 भोग लगा कर श्याम प्रभु की भोग आरती की गई। गायक हिमांशु विजयवर्गीय व हरिओम उपाध्याय साहित खाटू श्याम महिला मंडल द्वारा भजनों की प्रस्तुति दी। बाबा श्याम की पवित्र ज्योत प्रज्वलित की गई। श्याम भक्तों ने पवित्र ज्योत में आहुति देकर अपने आराध्य की आराधना की श्याम देव का आशीर्वाद लिया। बाबा की महा आरती की गई, जिसमें हजारो श्याम प्रेमी शामिल हुए व प्रसाद का वितरण किया गया।

## समाचार संक्षेप

### मोबाइल कोर्ट की कार्रवाई में ग्राम सोनखरा की 2 हेक्टेयर शासकीय भूमि अतिक्रमण मुक्त




**गुना।** कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल की अभिनव पहल मोबाइल कोर्ट के अंतर्गत तहसील बमोरी के ग्राम पंचायत सोनखरा में मोबाइल न्यायालय का आयोजन किया गया। कार्रवाई के दौरान ग्राम सोनखरा स्थित शासकीय भूमि सर्वे क्रमांक 272 में से लगभग 2 हेक्टेयर भूमि पर से अवैध कब्जाधारियों को बेदखल कर भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराया गया।उक्त भूमि शासन द्वारा शासकीय हाई स्कूल भवन एवं पंचायत भवन निर्माण के लिए आवंटित की गई है। अतिक्रमण हटाने के उपरांत मौके पर ही भूमि का सीमांकन कर ग्राम पंचायत सोनखरा को सुपुर्द किया गया, जिससे आगामी दिनों में निर्माण कार्य आरंभ किया जा सकेगा। इस संबंध में पंचनामा भी तैयार किया गया। मोबाइल कोर्ट की कार्यवाही में तहसीलदार बमोरीदेवदत्त गोलिया, नायब तहसीलदार जयप्रकाश गौतम, एसआई जगदीश जाटव, पटवारी अजमेर सिंह जामोद, ग्राम सचिव, कोटवार सहित राजस्व, पुलिस एवं पंचायत विभाग का अमला उपस्थित रहा।

### मप्र जन अभियान परिषद के संयुक्त तत्वावधान में अल्पविराम कार्यक्रम का शुभारंभ

**गुना।** राज्य आनंद संस्थान आनंद विभाग एवं म.प्र. जन अभियान परिषद के संयुक्त तत्वावधान में अल्पविराम कार्यक्रम का शुभारंभ राघौगढ़ जनपद पंचायत हॉल में अनुविभागीय अधिकारी अमित सोनी एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी गौरीशंकर राजपूत जिला समन्वयक मंजूषा सोलोमन द्वारा माँ सरस्वती के पूजन कर प्रारंभ किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य शासकीय कर्मचारियों के दैनिक जीवन एवं कार्य क्षेत्र में सकारात्मक भाव लाना व आनंद की अनुभूति कराना है। मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद की जिला समन्वयक मंजूषा सुलेमन ने बताया कि यह कार्यक्रम सार्थक जीवन जीने की कला सिखाता है। इस अवसर पर आनंद विभाग के स्टेट कोर्डिनेटर राजेश पटेल द्वारा अपने अंतिम सत्र में रिश्ते टूटने के कारण ख़ुशी आनंद कुछ देर रूक कर सोचना जानकारी होने के बावजूद हम जीवन में उसका उपयोग कर पा रहे हैं अथवा नहीं विषयों पर चर्चा कर प्रशिक्षण प्रदान किया मास्टर ट्रेनर दुर्गेश सक्सेना व ब्लॉक समन्वयक लोकेंद्र सिंह द्वारा अल्पविराम कार्यक्रम के विषय में जानकारी प्रदान की। लाइफ बैलेंस शीट के माध्यम से काव्यांजलि शर्मा एवं स्वपनिल त्रिपाठी ने जीवन चिंतन का मंथन कराया। स्टेट ट्रेनर ने अदभुत शैली सकारात्मक सोच के विषय में प्रभावी प्रस्तुति देकर सभी का मन मोह लिया।

### आबकारी विभाग की कार्रवाई, ग्राम झिर व पिपरोदा चक में दी दबिश

**गुना।** कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल,गुना के आदेश पर एवं संदीप शर्मा उपायुक्त संभाग ग्वालियर के निर्देशन में अवैध मदिरा के विनिर्माण, विक्रय, संग्रह, परिवहन एवं जहरीली शराब के विरुद्ध लगातार कार्यवाही की जा रही है । जिला आबकारी अधिकारी सीमा सक्सेना के मार्गदर्शन में 17



अक्टूबर को आबकारी वृत्त गुना 1 के प्रभारी राधाकिशन अटारिया द्वारा ग्राम झिर एवं पिपरोदा चक पर मुखबिर सूचना पर दबिश दी गयी । ग्राम झिर से 10 लीटर हाथ भट्टी मदिरा एवं 80 किलो लाहन जब्त किया एवं ग्राम पिपरौदा चक से 06 लीटर हाथ भट्टी मदिरा एवं 70 किलोग्राम लाहन नष्ट किया गया। साथ ही एक दिन पहले ग्राम निर्भयगढ़ से 15 लीटर हाथ भट्टी मदिरा एवं 300 किलोग्राम लाहन जब्त किया गया। ग्राम निर्भयगढ़ में 03 प्रकरण एवं ग्राम झिर में 01 एवं ग्राम पिपरोदा चक में 01 प्रकरण पंजीबद्ध किया गया । कुल 05 प्रकरण आबकारी एक्ट में पंजीबद्ध किए गए। लाहन को मौके पर ही नष्ट किया गया।उक्त जबतसूदा मदिरा की अनुमानित कीमत लगभग 28,000- रुपए हैं। कार्यवाही मे प्रधान आरक्षक रामहेत सिंह कुशवाह, आरक्षक अरुण कुमार शर्मा, राजेन्द्र कुमार पांडेय, गोविंद मीणा एवं महिला आरक्षक पूजा रघुवंशी की भूमिका सराहनीय रही । आबकारी विभाग लगातार अपनी कार्रवाई में सजगता दिखा रहा है।

# 'भारत को जानो' परीक्षा में गुना के नौ विद्यालयों की टीमों ने दिखाया ज्ञान का उत्कृष्ट प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

भारत विकास परिषद के तत्वावधान में आयोजित "भारत को जानो" परीक्षा में शहर के नौ विद्यालयों की टीमों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इनमें एस.एल. मेमोरियल स्कूल, न्यू लाइफ स्कूल, मॉडर्न चिल्ड्रन स्कूल, नवीन विद्या मंदिर हायर सेकेंडरी स्कूल, स्मृति पब्लिक स्कूल, क्राइस्ट स्कूल, सी.एम. राइस स्कूल, गुरुदेव स्कूल एवं एक्सीलेंस स्कूल की टीमें सम्मिलित रहीं। विद्यालय स्तर पर हुई प्रारंभिक परीक्षाओं के उपरांत प्रत्येक विद्यालय से चार-चार विद्यार्थियों — दो जूनियर वर्ग एवं दो सीनियर वर्ग के छात्रों का चयन किया गया। कुल 36 विद्यार्थियों ने इस ज्ञानवर्धक प्रश्न मंच में अपनी भागीदारी दी।

कार्यक्रम अत्यंत रोचक एवं ज्ञानवर्धक रहा। बच्चों द्वारा दिए गए सही उत्तरों पर दर्शकों ने उत्साहपूर्वक तालियां बजाकर उनका उत्साहवर्धन किया।



**परिणाम इस प्रकार रहे —** सीनियर वर्ग में एस.एल. मेमोरियल स्कूल ने प्रथम स्थान, न्यू लाइफ स्कूल ने द्वितीय स्थान तथा मॉडर्न चिल्ड्रन स्कूल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं जूनियर वर्ग में एस.एल. मेमोरियल स्कूल प्रथम, मॉडर्न चिल्ड्रन स्कूल द्वितीय एवं नवीन विद्या मंदिर हायर सेकेंडरी स्कूल तृतीय स्थान पर रहे।सीनियर वर्ग से जीती हुई टीम एसएल मेमोरियल एवं जूनियर वर्ग से जीती हुई टीम एसएल मेमोरियल एवं विभिन्न जिलों से जीती हुई टीम में 2 नवंबर को प्रांतीय स्तर पर हो रही प्रतियोगिता में शामिल होगीइस अवसर पर भारत विकास परिषद के प्रांतीय महासचिव, अध्यक्ष, कोषाध्यक्ष एवं अन्य पदेन सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम की रोचकता ऐसी रही कि समय का आभास ही नहीं हुआ। यह प्रश्न मंच दोपहर 1 बजे प्रारंभ होकर शाम 5 बजे तक चला।दर्शकों ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों में देश के प्रति ज्ञान, उत्साह और राष्ट्रीय भावना को प्रबल करती हैं।

## चाचौड़ा थानांतर्गत जुआ की दो फड़ों पर पुलिस ने दी दबिश

# 10 जुआरियों पर की कार्रवाई, फड़ों से 5,150 रुपए नकदी सहित तास की गड्डियां जब्त की

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

पुलिस अधीक्षक अंकित सोनी के दिशा निर्देशन में गुना पुलिस द्वारा जिले में विविन्न अवैध व असामाजिक गतिविधियों में संलिप्त माफियाओं, कारोबारियों, तस्करों आदि पर निरंतर कार्यवाहियां की जा रहीं है । इसी तारतम्य में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गुना मानसिंह ठाकुर के मार्गदर्शन एवं एसडीओपी चांचौड़ा मनोज कुमार झा के पर्यवेक्षण में जिले के चांचौड़ा थाना प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार मेहरा के नेतृत्व में बीनागंज चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक अजयप्रताप सिंह और उनकी टीम द्वारा थाना क्षेत्र में जुए के दो अलग-अलग फड़ों पर दविश देकर कुल 10 जुआरियों पर कार्रवाई की है ।

बीती रात जिले के चांचौड़ा थानांतर्गत बीनागंज मंडी के पास कुछ लोगों के तास पत्तों से रूपयों की हारजीत के दाव लगाकर मांग पत्ती का खेल खेले जाने की सूचना पर, जुआरियों की धरपकड़ और कार्यवाही हेतु बीनागंज चौकी से पुलिस की एक टीम तत्काल बीनागंज मंडी के पास पहुंची और जहां मुखबिर की बताई जगह पर जाकर देखा तो वहां 5-6 लोग फड़ जमाकर तास-पत्तों से रूपयों की हारजीत का मांग पत्ती का खेल खेलते दिखे, जिन्हें पुलिस फोर्स द्वारा घेराबंदी कर पकड़ा गया । पूछताछ पर जिनके द्वारा अपने नाम विनोद पुत्र चैन सिंह अहिरवार उम्र 30 साल, मिथुन उर्फ रामस्वरूप पुत्र भुजबल अहिरवार उम्र 40 साल, रूप सिंह पुत्र तुलाराम अहिरवार उम्र 35 साल, चंदन पुत्र प्रकाश अहिरवार उम्र 40 साल, गोपाल पुत्र धीरज अहिरवार उम्र 38 साल निवासीगण ग्राम खातौली थाना चांचौड़ा एवं 6. असमन पुत्र रोडूलाल सूर्यवंशी उम्र 41 साल निवासी ग्राम बड़ोदिया थाना चाचौड़ा जिला गुना के होना बताये । पुलिस द्वारा मौके से 2,800/-रूपये नकदी सहित तास की एक गड्डी विधिवत जप्त कर जुआ खेल रहे सभी 06 जुआरियों के विरूद्ध





चांचौड़ा थाने में अप.क्र. 390/25 धारा 13 जुआ एक्ट के तहत अपराध दर्ज कर वैधानिक कार्रवाई की गई ।

इसी प्रकार शुक्रवार को थाना क्षेत्र के पटोदी गांव में आम के बगीचे में कुछ लोगों के जुआ खेले जाने की मुखबिर सूचना पर बीनागंज चौकी पुलिस द्वारा तत्काल दबिश दी और मौके पर जुआ खेल रहे 4 जुआरियों गोविन्द सिंह मंटीलाल मीना उम्र 34 साल, धर्मेन्द्र पुत्र रामचरण अहिरवार उम्र 30 साल, दौलत सिंह पुत्र मांगीलाल मीना उम्र 32 साल एवं धीरज पुत्र पूनमचंद अहिरवार निवासीगण ग्राम पटोदी को दबोच लिया गया ।

पुलिस द्वारा मौके से कुल 2,350/-रूपये नकदी सहित तास की एक गड्डी विधिवत जप्त कर जुआ खेलते पकड़े गये सभी 4 जुआरियों के विरूद्ध चांचौड़ा थाने में अप.क्र. 392/25 धारा 13 जुआ एक्ट के तहत अपराध दर्ज कर वैधानिक कार्यवाही की गई । जुए के विरूद्ध चांचौडा थाना पुलिस की इस कार्यवाही में थाना प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार मेहरा के नेतृत्व में बीनागंज चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक अजयप्रताप सिंह, सउनि रामकृष्ण रघुवंशी, प्रधान आरक्षक गिर्राज शर्मा, आरक्षक मोनू करारे, आरक्षक अशोक वारिया, आरक्षक शुभम मिश्रा, आरक्षक अजय समाधिया एवं आरक्षक संजय सोलंकी की भूमिका रही है

# नपा के विशेष सम्मेलन में तीन बड़े प्रस्ताव स्वीकृत



हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

नगर पालिका परिषद गुना का शुक्रवार को विशेष सम्मेलन आहूत किया गया, जिसमें एक राष्ट्र एक चुनाव, केंद्र सरकार द्वारा जीएसटी के समर्थन में प्रस्ताव, तथा आत्मनिर्भर भारत का संकल्प के प्रस्तावों पर चर्चा की गई।

उक्त तीनों प्रस्तावों को बहुमत से पारित कर दिया गया। नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती सविता अरविंद गुप्ता ने बताया कि विगत दिनों नगरीय प्रशासन मंत्री माननीय कैलाश विजयवर्गीय जी द्वारा प्रेषित उक्त तीनों प्रस्तावों के समर्थन में परिषद से प्रस्ताव स्वीकृत कर शासन की ओर भेजे जाने हेतु निर्देश प्राप्त हुए थे। इसके पालन में नगर पालिका गुना द्वारा विशेष सम्मेलन आयोजित कर तीनों प्रस्ताव बहुमत से पारित कर शासन की ओर प्रेषित कर दिए गए हैं, जिससे केंद्र सरकार और राज्य सरकार को विकास योजनाओं को बनाने में बल मिलेगा। बैठक के अंत में मुख्य नगर पालिका अधिकारी सुश्री मंजुषा खत्री ने सदन को अवगत कराया कि नगर पालिका गुना को रूफ वाटर हार्वेस्टिंग में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर देशभर में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है।

उक्त हेतु महामहिम राष्ट्रपति द्वारा नगर पालिका गुना को सम्मानित किया जाएगा, साथ ही 40 लाख रुपए का पुरूस्कार स्वरूप प्राप्त होंगे। सीएमओ द्वारा सभी पार्षदों का धन्यवाद ज्ञापित किया एवं सभी अधिकारियों के प्रयासों की सराहना की।नपाध्यक्ष ने सभी को दीपावली की शुभकामनाएं दी।

# आपस में भिड़ीं पारदी महिलाएं, कैंट थाने में जमकर चले लात-घूंसे

### दोनों पक्षों पर हुआ क्रॉस मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

पुलिस अधीक्षक कार्यालय के समीप गत दिवस दोपहर उस समय हंगामा खड़ा हो गया जब दो पारदी पक्षों की महिलाएं आपस में भिड़ गईं। पुरानी रंजिश को लेकर शुरू हुई कहासुनी देखते ही देखते मारपीट में बदल गई, जिसमें दोनों पक्षों की महिलाओं को चोटें आईं। विवाद की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने बीचबचाव कर मामला शांत कराया, जिसके बाद दोनों पक्षों की रिपोर्ट पर कैंट थाना पुलिस ने क्रॉस मामला दर्ज कर लिया है।

मामले में पहले पक्ष की फरियादिया पूजा पारदी पत्नी विक्की पारदी (30) निवासी खेजरा हाल गढ़ला थाना बजरंगगढ़ ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह गांव की अन्य महिलाओं रीता पारदी, मधु पारदी, सिलोना पारदी, बब्लू पारदी और चुस्मा पारदी के साथ किसी आवेदन को लेकर एसपी कार्यालय आई थीं। जैसे ही वे कार्यालय के सामने पहुंचीं, तभी गांव की सरिता पारदी, विद्या पारदी, पंजी पारदी, अनीला पारदी, झल्लो पारदी, पायल पारदी और मोहरबाई पारदी वहां पहुंच गईं और पुरानी रंजिश को लेकर उन्हें गालियां देने लगीं। विरोध करने पर उन्होंने पूजा और अन्य महिलाओं के साथ लात-घूंसों से मारपीट की, जिससे पूजा के पीठ और कमर में चोट आई। वहीं मधु और सिलोना पारदी को भी चोटें पहुंचीं। पुलिस के मौके पर पहुंचने से पहले महिलाओं ने धमकी दी । इधर दूसरे पक्ष की सरिता पारदी पत्नी खेरू पारदी (40) निवासी खेजरा विश्वनगर थाना धरनावदा ने भी उसी घटना के संबंध में अपनी रिपोर्ट दर्ज कराई। सरिता ने बताया कि वह अपने पति खेरू पारदी के मर्डर केस में आरोपी रामपूजन पारदी को पकड़े जाने के संबंध में आवेदन देने अन्य महिलाओं अजीता पारदी, पायल पारदी, झल्लो पारदी और मोहरबाई पारदी के साथ एसपी कार्यालय आई थी। उसी समय पूजा पारदी, रीता पारदी, मधु पारदी, सिलोना पारदी, बब्लू पारदी, विक्की पारदी और चुस्मा पारदी वहां पहुंच गईं और पुरानी रंजिश के चलते गालियां देने लगीं। मना करने पर लात-घूंसों से मारपीट की।

## खाद्य विभाग ने 13 घरेलू गैस सिलेंडरों को जब्त कर आठ प्रतिष्ठानों के विरुद्ध किया प्रकरण दर्ज

**गुना।** कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल के निर्देशानुसार चलाये जा रहे अभियान के तहत आम जनता को घरेलू गैस सिलेंडरों की उपलब्धता सुनिश्चित कराने, व्यवसायिक उपयोग रोकने के लिये जिला आपूर्ति अधिकारी अवधेश पाण्डेय के निर्देशन में कनिष्ठ आपूर्ति



अधिकारी, आशीष चतुर्वेदी के द्वारा शर्मा होटल हनुमान चौराहा से 02, पीताम्बारा कचौडी सेंटर से 04, कुशवाह बेड़ई तेलघानी चौराहा से 01, महाशय जलेबी बस स्टेण्ड से 01, जयमहाकाल चाट भण्डार बस स्टेण्ड से 01,राज स्वीट्स बस स्टेण्ड से 01, राजू होटल हाटरोड से 01 एवं बाबूलाल कुशवाह से 02 घरेलू गैस सिलेंडर जप्त किये गये हैं। निरीक्षण में संबंधित द्वारा व्यवसायिक उपयोग के कागजात प्रस्तुत नहीं किये। इस प्रकार 13 घरेलू गैस सिलेंडर जप्त किये गये। उक्त सिलेंडरों को जप्ती उपरांत विवेक गैस एजेंसी को सुपुर्दगी में दिये गये हैं। इन आठों दुकानों के संचालकों के विरूद्ध द्रवीकृत पेट्रोलियम गैस (प्रदाय एवं वितरण विनियमन) आदेश 2000 के तहत प्रकरण बनाया गया, जो आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की धारा 3/7 के तहत दण्डनीय अपराध है। जांच दल में अवधेश पाण्डेय, जिला आपूर्ति अधिकारी के साथ आशीष चतुर्वेदी, कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी सम्मिलित थे। घरेलू गैस सिलेंडर के दुरूपयोग के विरूद्ध अभियान लगातार जारी रहेगा।

## शासकीय उचित मूल्य दुकान उमरथाना पर एफआईआर दर्ज, सोनखरा दुकान के विक्रेता को किया सेवा से पृथक

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

सार्वजनिक वितरण प्रणाली को सुदृढ बनाने के लिये कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल के निर्देशानुसार चलाये जा रहे अभियान के तहत अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) चांचौडा रवि मालवीय के द्वारा शासकीय उचित मूल्य दुकान उमरथाना के विक्रेता द्वारा समय पर दुकान नहीं खोलने तथा उपभोक्ताओं को खाद्यान्न वितरण समय पर नहीं करने तथा सामग्री में गेहूँ 68.93 क्वि., चावल 103.66 क्विं., शक्कर- 145 किलो, अपयोजित राशि 6,27,955/- रूपये की हेराफेरी करने का प्रतिवेदन प्राप्त होने पर प्रकरण की गंभीरता को दृष्टिगत रखते हुए विक्रेता एवं अन्य के विरूद्ध एफ.आई.आर. चांचौडा थाने में कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी श्री शिवराज सिह कुशवाह द्वारा दर्ज कराई गई। इसी प्रकार कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी बमौरी, इन्दु शर्मा द्वारा शासकीय उचित मूल्य दुकान सोनखरा के सेल्समेन व सहायक सेल्समेन द्वारा दुकान समय पर नहीं खोलने तथा स्टॉक में हेराफेरी करने के प्रतिवेदन के आधार पर सेवा से पृथक करने के आदेश अनुविभागीय अधिकारी गुना द्वारा दिये गये है। सार्वजनिक वितरण प्रणाली में अनियमिततायें करने वाले व्यक्तियों के विरूद्ध कडी कार्रवाई लगातार आगे भी जारी रहेगी।

### जिला चिकित्सालय की व्यवस्थाओं की समीक्षा संपन्न

गुना। कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल ने जिला चिकित्सालय की व्यवस्थाओं को सुव्यवस्थित करने हेतु समीक्षा बैठक आयोजित की। बैठक में मेटरनिटी वार्ड, 108 एंबुलेंस सेवा, सीएम हेल्पलाइन तथा अस्पताल की साफ-सफाई एवं सुरक्षा व्यवस्थाओं की विस्तार से समीक्षा की गई।कलेक्टर श्री कन्याल ने निर्देश दिए अस्पताल में आने वाले प्रत्येक मरीज के प्रति डॉक्टर और स्टाफ का व्यवहार संवेदनशील और सहयोगात्मक होना चाहिए। उन्होंने कहा "लोग इमरजेंसी में यहां आते हैं,सभी डॉक्टर और स्टाफ अपना व्यवहार अच्छा रखे।" उन्होंने मेटरनिटी वार्ड की स्वच्छता, सुरक्षा व्यवस्था और साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा दिवाली तक सभी को समझाइश दी जाए परिसर में गंदगी न करें। इसके बाद यदि कोई व्यक्ति पान-गुटखा खाकर या गंदगी फैलाते हुए पाया जाता है, तो उस पर 100 का जुर्माना लगाया जाए। साथ ही, जो व्यक्ति गंदगी करने वालों की जानकारी देगा, उसे पुरस्कृत किया जाएगा। कलेक्टर कन्याल ने कहा "यही छोटे-छोटे प्रयास एक बड़े परिणाम में बदलते हैं।

### आरोन की बेटी सीएसपी हिना खान ने किया नगर का नाम रोशन कर्तव्यनिष्ठा और सूझबूझ से तनावपूर्ण माहौल को किया नियंत्रित

**आरोन।** मध्यप्रदेश के ग्वालियर शहर में हाल ही में व्याप्त अशांति और तनाव के माहौल के दौरान नगर की बेटी सीएसपी हिना खान ने अपनी कर्तव्यनिष्ठा, सूझबूझ और शांतिपूर्ण नेतृत्व क्षमता से स्थिति को पूर्णतः नियंत्रण में लाकर न केवल प्रदेश बल्कि पूरा देश उनका मुरीद हो गया है।तनावपूर्ण हालात में कर्तव्य पर डटी रही हिना खान ने अपने वरिष्ठ अधिकारियों के दिशा-निर्देशों का पालन करते हुए जिस प्रकार संयम और समझदारी से भीड़ को नियंत्रित किया, वह उनके देशभक्ति, साहस और पेशेवर निष्ठा का परिचायक है।

## घरेलू गैस सिलेंडरों के व्यवसायिक उपयोग पर कार्रवाई

# जिले में 14 दुकानों से 19 घरेलू गैस सिलेंडर और भट्टियां जब्त



हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

कलेक्टर अंशुल गुप्ता के निर्देश पर जिले में घरेलू गैस सिलेंडरों के अवैध व्यवसायिक उपयोग पर सख्त कार्रवाई की जा रही है। लटेरी एसडीएम अंजना एक्का के नेतृत्व में विभिन्न सार्वजनिक प्रतिष्ठानों का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण में शर्मा मिष्ठान भंडार, गुरुकृपा भोजनालय, पंचवटी रेस्टोरेंट और जीजा नाश्ता कार्नर जैसे प्रतिष्ठानों से कुल पांच घरेलू गैस सिलेण्डर और भट्टियां जब्त की गईं। इसी तरह विदिशा अनुविभाग क्षेत्र में 5 प्रतिष्ठानों से 7 घरेलू गैस टंकी और 5 भट्टियां जब्त की गईं। कुरवाई अनुविभाग क्षेत्र में खाद्य विभाग के अधिकारियों ने लोधी टी स्टॉल, हरि रेस्टोरेंट, अग्रवाल स्वीट्स, बिलाल अहमद की होटल और स्टूडेंट टी स्टॉल सहित पांच प्रतिष्ठानों से सात गैस टंकी व भट्टियां जब्त कीं। जिला आपूर्ति अधिकारी अनिल तंतुवाय ने बताया कि जिले में कुल 14 प्रतिष्ठानों से 19 घरेलू गैस सिलेंडर और भट्टियां जब्त की गई हैं।

## गुना में 69वीं राज्य स्तरीय शालेय बास्केटबॉल प्रतियोगिता का पुरस्कार वितरण के साथ समापन

# विजेता टीम को मोमेंटो व शील्ड प्रदान कर किया पुरस्कृत

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

स्थानीय खेल नोडल केंद्र, शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गुना में दिनांक 13 से 17 अक्टूबर 2025 तक आयोजित होने वाली 69वीं राज्य स्तरीय शालेय बास्केटबॉल प्रतियोगिता 2025 का शुक्रवार को पुरस्कार वितरण के साथ समापन हुआ।

इस प्रतियोगिता में बास्केटबॉल 17 वर्ष बालक/ बालिका वर्ग के मैच आयोजित किए गए। इस राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में उज्जैन, इंदौर, रीवा, ग्वालियर, सागर, भोपाल, नर्मदापुरम, शहडोल, जबलपुर और जनजातीय विभाग कुल 10 संभागों की टीमें ने सहभागिता की। इस राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता में कुल





240 बालक एवं बालिक खिलाड़ी,50 कोच/ मैनेजर एवं 30 ऑफिशियल्स सहित लगभग 320 खिलाड़ी एवं ऑफिशल्स इस आयोजन में सहभागिता की। समापन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह सिकरवार ने संबोधित कर विजेता टीम के खिलाड़ियों को बधाई शुभकामनाएं प्रेषित की साथ ही फाइनल एवं सेमीफाइनल टीम को मोमेंटो शील्ड प्रदान कर पुरस्कृत किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला पंचायत सी ओ अभिषेक दुवे ने की। इस अवसर पर जिला पंचायत उपाध्यक्ष सारिका लुंबा, जिला संगठन प्रभारी गोपाल आचार्य, भाजपा जिला मीडिया प्रभारी विकास जैन नखराली, जिला शिक्षा अधिकारी राजेश गोयल सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं खेल विभाग के अधिकारी एवं कोच मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### एसडीएम ने किया पटाखा दुकानों का निरीक्षण



**जावर।** जावर नगर के श्री राम मंदिर परिसर में लगी पटाखा दुकानों का निरीक्षण एसडीएम नितिन टाले, अनुविभागीय अधिकारी पुलिस आकाश अमलकर, तहसीलदार ओम प्रकाश चोरमा, थाना प्रभारी नीता देअरवाल द्वारा किया गया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों द्वारा पटाखा दुकानों की अनुज्ञप्ति की जांच की गई एवं दुकानों पर सुरक्षा के समुचित उपाय करने के निर्देश दिए गए। इस दौरान राजस्व एवं पुलिस के कर्मचारी भी मौजूद रहे।

### दीपावली से पहले डीए एरियर मिलने पर अध्यापक खुश

**जावर।** आष्टा विकासखंड क्षेत्र में कार्यरत सभी अध्यापकों को दीपावली से पहले डीए एरियर मिल गया। इससे शिक्षकों में खुशी है। अध्यापक संघ के शिक्षक गोपाल ठाकुर ने बताया की बीईओ प्रमोद कुशवाहा ने सभी शिक्षकों के खाते में समय पर एरियर डलवाया, इस अवसर पर आष्टा विकासखंड के सभी अध्यापक संगठनों ने बीईओ का आभार माना।

### विधायक ने नूपुर सोनी का किया सम्मान

आष्टा। नगर की बहू नूपुर आर्चिल सोनी पांचम ने राइफल शूटिंग में शानदार प्रदर्शन कर नेशनल के लिये क्वालीफाई कर बता दिया कि जब सबका साथ, सहयोग ओर आशीर्वाद हो तो सफलता प्राप्त होने में कोई बाधा नही आती है उक्त उदगार विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने अपने कार्यालय पर नगर की बहू नूपुर आर्चिल सोनी के द्वारा 34 वीं ऑल इंडिया जीवी मालवंकर एनआर राइफल इवेंट में भोपाल में भाग लिया और शानदार प्रदर्शन करते हुए नेशनल स्पर्धा के लिए क्वालीफाई करने पर स्वागत सम्मान समारोह के अवसर पर कहे। आष्टा से कई खिलाड़ी जिला,संभाग,प्रदेश,राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर तक पहुचे ओर आष्टा का नाम गौरान्वित किया। लेकिन इस बार एक प्रतिष्ठित परिवार की बहू एवं प्रतिभाशाली बहु ने आष्टा को गौरवान्वित किया है। आष्टा नगर के प्रतिष्ठित सराफा व्यापारी पांचम परिवार की बहु नूपुर आर्चिल सोनी पांचम, जिन्होंने हाल ही में 34वीं ऑल इंडिया जी.वी. मालवंकर एन.आर. राइफल इवेंट में भाग लिया और शानदार प्रदर्शन कर नेशनल स्पर्धा के लिए क्वालीफाई किया।

## पांच दिवसीय दीप उत्सव पर्व को लेकर सजा है शहर का बाजार, खरीदारी के लिए उमड़ रहे काफी लोग

# दीपावली पर्वः पुष्य नक्षत्र के बाद धनतेरस पर बाजार में हुई धनवर्षा, अच्छी ग्राहकी से दुकानदार दिखे खुश






पुण्य नक्षत्र के बाद धनतेरस पर बरसा धन भोपाल नाके से लेकर बस स्टैंड तक पशुओं के श्रृंगार का बाजार लगा।

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

पांच दिवसीय दीप उत्सव पर्व को लेकर शहर सजा हुआ है बाजार में त्यौहार का उल्लास नजर आ रहा है तो दुकाने और घरों में आकर्षक लाइटिंग की गई है धनतेरस पर जमकर धन बरसा। बता दें की फुटकर व्यापारियों से लेकर बड़ी दुकानों पर लोग अब रोजाना खरीददारी के लिए पहुंच रहे हैं कोई सजावट की सामग्री खरीद रहा है तो कोई आभूषण किसी को नए वाहन खरीदना है तो किसी को इलेक्ट्रॉनिक सामान अब बाजार में भीड़ नजर आने लगी है। दरअसल दीपावली पर्व को लेकर शहर के बाजार में चहल-पहल दिखाई दे रही है।

### इन क्षेत्रों में भी दिखाई देने लगी भीड़

शहर के सराफा बाजार, बड़ा बाजार, बुधवारा, बर्तन बाजार, किराना बाजार और भोपाल नाके के पास लगे पशु बाजार में भी लोग बड़ी संख्या में खरीदारी के लिए पहुंच रहे हैं। इधर माटी के दिए की दुकानों पर भी लोग पहुंच रहे हैं खत्री मार्केट, अस्पताल के पीछे , गल चौराहा, बड़ा बाजार में माटी के दिए की दुकाने लगी हुई है। सर्राफा व्यापारी कैलाश सोनी दादा ने बताया कि इस बार धनतेरस पर जमकर धन बरसा लोगों ने अपनी जरूरत के हिसाब से परिवारजनों के लिए सोने चांदी के आभूषण खरीदें पूरे सराफा बाजार में इस बार अच्छी ग्रहकी हुई।




### धनतेरस पर बरसा धन

बर्तन दुकान के संचालक पंकज नाकोड़ा ने कहा कि इस बार बाजार में उत्साह नजर आ रहा है और अच्छी ग्रहकी उम्मीद है पिछले वर्ष की तुलना में इस बार बाजार में चहल-पहल ज्यादा नजर आ रही है, धनतेरस पर भी बाजार में अच्छी खरीदारी की उम्मीद है लोग अपनी जरूरत के हिसाब से सामान खरीद रहे हैं। सराफा बाजार, बर्तन बाजार, इलेक्ट्रॉनिक ,ऑटोमोबाइल सेक्टर के साथ ही फुटकर व्यापारियों की दुकानों पर भी अच्छी ग्रहकी हो रही है सबसे ज्यादा शाम के समय बाजारों में चहल-पहल और रौनक रहती है।

### स्वदेशी वस्तुओं पर जोर

नागरिक पंकज अष्टप्पगा, बंटी सिंगी ने बताया कि स्वदेशी वस्तुओं की ओर भी लोगों का रुझान बड़ा है प्रधानमंत्री के आह्वान के बाद लोग स्वदेशी वस्तुओं की खरीदारी पर जोर दे रहे हैं, जीएसटी की दरों में कमी के चलते बाजार में रौनक है जो सामान कुछ माह पहले तक महंगे थे वह अब सस्ते हो चुके हैं इसलिए आज से लोग भी शुभ मुहूर्त में खरीदी करने पहुंच रहे हैं।

## दुग्ध उत्पादक सहकारी समिति ने किया किसानों को उपहार वितरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोठरी

शनिवार को दीपावली के पावन अवसर पर प्रतिवर्ष अनुसार दुग्ध उत्पादक सहकारी समिति कोठरी द्वारा अपने दुग्ध उत्पादक किसानों को उपहार वितरण किया गया ।संस्था प्रतिवर्ष दूध प्रदायकों को बोनस तथा उपहार प्रदान करती है। लगभग 260 किसानों को उपहार वितरण किया गया। इस अवसर पर संस्था अध्यक्ष वा प्रबंधकारणी समिति द्वारा सभी दूध उत्पादकों की खुशहाली की कामना करते हुए हार्दिक बधाई दी गई इस मौके पर संस्था अध्यक्ष भोपाल सिंह मंडलोई ने कहा किसान का घर धन-धान्य से भरा रहे, किसान ही तो देश की रीड है, राधेश्याम दलपति दुग्ध उत्पादक किसानों को रक्षाबंधन पर बोनस दिया जाता है एवं खुशहाली का त्यौहार दीपावली पर उपहार वितरण किए जाते हैं ताकि किसान सशक्त बने, मांगीलाल वर्मा, सुधीर, सतीश वर्मा नारायण सिंह, बाबूलाल, कुंता बाई, कविता बाई सभी उपस्थित रहे संस्था सचिव मांगीलाल वर्मा द्वारा सभी का आभार व्यक्त किया गया।




## साप्ताहिक हाट बाजार में उड़ी नियमों की धज्जियां

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोठरी

शनिवार को क्षेत्र में लगने वाले हाट बाजार में व्यापारियों ने नहीं माने नियम। अनुविभागीय अधिकारी आष्टा के मार्गदर्शन में नगरीय क्षेत्र कोठरी में पटाखा विक्रेताओं द्वारा लगाई गई घनी आबादी क्षेत्र में विक्रेताओं के विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई की गई। उक्त निर्देशों के पालन में तहसीलदार रामलाल पगारे एवं नगर परिषद सीएमओ नरेंद्र सिंह जाटव के नेतृत्व में समस्त नगर परिषद अधिकारियो की संयुक्त टीम द्वारा क्षेत्र में व्यापक निरीक्षण किया गया।कार्रवाई के दौरान 9500का कटा चलाना।नो व्यापारियों के कटे चालान ।यह सुनिश्चित किया गया कि सभी पटाखा व्यापारी केवल नगर परिषद द्वारा किये गये चिन्हित स्थानों पर ही अपनी दुकानें लगाएं। साथ ही, शासन द्वारा जारी सुरक्षा मापदंडों का पूर्णतः पालन किया जाए। नगर परिषद द्वारा यह स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि यदि कोई व्यापारी निर्धारित स्थानों अथवा सुरक्षा निर्देशों का उल्लंघन करता पाया गया, तो उसके विरुद्ध नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी। पटाखे खरीदें और सुरक्षा नियमों का पालन करें, जिससे कि त्योहार को सभी के लिए सुरक्षित और सुखद बनाया जा सके।



## सड़क पर मृत पड़े युवक को देख विधायक ने रोका अपने वाहनों का काफिला

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

क्षेत्र के संवेदनशील विधायक गोपालसिंह इंजीनियर कल रात्रि में आष्टा विधानसभा क्षेत्र के ग्राम गिगलाखेड़ी में तुलादान के कार्यक्रम में शामिल हो कर रात्रि में ग्राम गिगला खेड़ी से लौटते वक्त रात लगभग 12 बजे जब उनका काफिला चामसी खड़ी ग्राम के नजदीक पहुंचा तब देखा कि रोड पर एक युवक मृत अवस्था में पड़ा था, परिजन विलाप कर रहे है। यह देख तत्काल विधायक ने अपना व अपने साथ चल रहे वाहनों को रूकवाया तथा विलाप कर रहे परिजनों को सांत्वना देते हर पूरी घटना की जानकारी ली। तब बताया कि कोई वाहन की टक्कर से युवक की मौत हो गई है। विधायक गोपासलसिंह इंजीनियर ने तत्काल जावर पुलिस को घटना की सूचना दी। 108 को भी सूचना दी तत्काल आष्टा, जावर से 108 घटना स्थल पहुंची। जावर पुलिस भी मौके पर पहुची व मृतक के शव को उसके परिजनों को सिविल अस्पताल भेजा। संवेदनशील विधायक गोपालसिंह इंजीनियर, डोडी मंडल अध्यक्ष नरेन्द्रसिंह ठाकुर सहित सभी भाजपा कार्यकर्ता जब तक पुलिस, 108 वाहन मौके पर नही पहुंचे तब तक विधायक मौके पर ही उपस्तिथ रहे। पुलिस के आने के बाद विधायक ने सड़क पर मृत अवस्था में पड़े युवक को सिविल अस्पताल पहुंचाया तथा उसके परिजनों को भी अस्पताल तक भिजवाने की व्यवस्था की। मृतक युवक का नाम दीपक पिता वृंदावन बैरागी उम्र 25 वर्ष निवासी ग्राम चामसी बताया गया है।



## मॉडर्न स्कूल में हुई रंगोली और दीप सजाओ प्रतियोगिता

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

संस्था मॉडर्न पब्लिक हा.से. स्कूल में रांगोली व दीप सजाओ प्रतियोगिता का आयोजन किया। जिसमें सभी कक्षा के बच्चों ने बढ-चढ कर भाग लिया। प्रतियोगिता प्रि प्रायमरी विंग कक्षा नर्सरी से 2री तक के बच्चो ने राम-सीता, हमनुमान व सबरी के किरदार को दर्शाया, साथ ही राम-सीता आगमन करवाया गया। तथा प्रायमरी व सेकंडरी विंग कक्षा 3री से 12वीं तक रांगोली बनाई जिसमें पर्यावरण, स्वच्छ भारत, मेरा विद्यालय, आजाद व उन्नत भारत, अनेकता मे एकता, पृथ्वी संरक्षण, व अन्य कई सुन्दर व प्रेरणादायक विषय शामिल थे। प्रतियोगिता में बच्चो द्वारा सुन्दर, आकर्षक व मनमोहक रांगोली बना कर अपनी प्रतिभा को रंगो के माध्यम से उकेरा। प्रतियोगिता में सभी छात्र/छात्राओं ने रांगोली बनाई। इनमें अन्य रांगोलिया सुरक्षा, नशामुक्ति, बेटी बचाव-बेटी पढाओं, बेटी सुरक्षा, महिला सुरक्षा आदि रंगोलियो को बच्चो ने बड़े सुन्दर रूप से रंगों के माध्यम से उकेरा। इनमें मुख्य आकर्षण में ऑपरेषन सिंदूर, डिजिटल इंडिया, की रांगोलिया रही। संचालक मण्डल के सभी सदस्यो द्वारा सभी शिक्षकों व विद्यालय के सभी बच्चों को दिपावली पर्व की शुभकामनाओं के साथ उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। प्रतियोगिता में उपस्थित संचालक मंडल व शाला परिवार के मार्ग दर्शक शंकर लाल परमार, कुंवर लाल परमार, भीम सिंह ठाकुर व समिति अध्यक्ष अभिषेक परमार, प्राचार्य शैलेन्द्र सिंह ठाकुर, उपप्राचार्य विकास चौरसिया, बीएल मालवीय, रवि पाठक, राजेश बड़ोदिया, रजत धारवा, संदीप ठाकुर, अनीता परमार, निर्मला सारसिया, करिश्मा चौपड़ा, अंजली चौरसिया, अंजु नावड़े, नीता सक्सेना, ईशा जैन, पायल ठाकुर, पूजा ठाकुर सना अली, अपेक्षा पेरवाल, तेजू मेवाड़ा, विधि चौहान, आयुषी जैन, लक्ष्मी चौरसिया, ज्योति राजपूत आदि ने बच्चो की कला की सराहना की व उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।



## किला मंदिर पर चातुर्मास के लिए विराजमान है जैन मुनि सानंद सागर

# बिना नियम संयम के जीवन कटी पतंग के समानः मुनिश्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

भोगोपभोग परिमाण व्रत में दो प्रकार से त्याग का विधान किया गया है। नियमरूप और यमरूप। अल्पकाल के लिए जो त्याग किया जाता है,उसे नियम कहते हैं और आजीवन के लिए जो त्याग किया जाता है उसे यम कहते हैं। हिंसा के कारणभूत फरसा, तलवार, कुदाली, आग, अस्त्र-शस्त्र, विष और सांकल आदि के देने को ज्ञानी जन हिंसादान नाम का अनर्थ - दण्ड कहते हैं ।जिसके जीवन में नियम,संयम है उसका जीवन सफल है और जिनके जीवन में नियम संयम नहीं उनका जीवन कटी पतंग की तरह है। आपने बताया कि फालतू की बात करने से पाप आश्रव होता है ।मजाक करने का कहीं भी शास्त्रों में उल्लेख नहीं है। आवश्यकता से अधिक वस्तुओं को रखने में दोष लगता है,पाप आश्रव होता है।आप अधिक परिग्रह नहीं रखें।मन, वचन,काया से अतिचार लग रहा है,यह दुःख देने वाला है।त्याग करोंगे तभी पुण्य अर्जित होगा। अनंत संसार का कारण बनता है आपकी सोच। मुनिश्री ने कहा जिससे राग -द्वेष बढ़ रहा है उसे छोड़ें। अनादिकाल से आत्मा को व्यक्ति ठग रहा है। आत्मा को परमात्मा बनाने का काम करें।गौतम गणधर को अपने में रमने पर केवल्य ज्ञान प्राप्त हुआ। भगवान महावीर स्वामी का निर्वाण कल्याणक महामहोत्सव आ गया। मुनिश्री सानंद सागर मुनिराज ने कहां वचन से दूसरे का कुछ बिगड़ें या न बिगड़ें, लेकिन आपका परिणाम अवश्य बिगड़ेगा। व्यक्ति अहंकार के वशीभूत होकर सब कुछ भूल जाता है। प्रयोजन है तो विवेक से करें।आप व्यापार व काम करते समय भी धर्म - ध्यान कर सकते हैं।आप भाव से भी पुण्य अर्जित कर सकते हैं।गुणवृत की चर्चा कर रहे हैं, जो व्रत लिए है उनमें वृद्धि करें। ऐसा व्रत अंगी- कार करें गुणों में वृद्धि करने के लिए आचार्यों ने गुणों को लिखा है। जितनी वनस्पति का उपयोग करते हैं उसके अलावा बाकी का त्याग करें।व्यक्ति के हाथों में है पापों से बचने का,आप आष्टा से बाहर नहीं जा रहें तो बाहर जाने का त्याग करोंगे तो पुण्य अर्जित होगा, विवेक हर क्रिया में लगाएं।जैसे व्यवहार को चाहते हैं वैसा ही व्यवहार आप दूसरे के साथ करें। संकल्प हिंसा का त्यागी है तो पुण्य अर्जन होगा।यह जीव दूसरे जीव के लिए उपकारी है।




### समाज ने किया सम्मान

आचार्य आर्जव सागर मुनिराज के परम प्रभावक शिष्य मुनिश्री सजग सागर मुनिराज की सांसारिक जीवन की बहन कांता जैन, विजय कुमार जैन,भांजा गौरव जैन निवासी उदयनगर इंदौर मुनिश्री सजग सागर जी एवं सानंद सागर मुनिराज जी के दर्शन करने पधारे। सभी का समाज की और से धर्म सभा के पश्चात समाज के संरक्षक रमेशचन्द्र जैन आदिनाथ, चातुर्मास समिति महामंत्री धीरज जैन, ममता जैन, गुणमाला जैन, श्रीमती मीना जैन आदि ने शाल ओढ़ाकर मोतियों की माला पहनाकर स्वागत व सम्मान किया।

## नन्हे-नन्हे बच्चों ने रंगोली और दीया सजाओ प्रतियोगिता में लिया भाग

हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर

यह त्यौहार हमें सिखाता है कि हम अंधकार से रोशनी की तरफ बड़े अर्थात बुराई के तम को दूर कर अच्छाई और सच्चाई के उजाले को धारण करें। और रंगोली इस बात का प्रतीक है कि हमारा जीवन हर्ष उल्लास उत्साह और आनंद से परिपूर्ण हो हम बाहरी तथा आंतरिक रूप से भी बहुरंगी हो जो हमें अनेकों रंगों से निर्मित एक सुंदर रंगोली बनती हैं जो समरसता भाव को प्रदर्शित करती है। उक्त विचार अकबर सिद्दीकी ने सांदीपनि विद्यालय के प्राथमिक खंड में अनिल शर्मा, कीर्ति शर्मा, मुकेश बामनिया, ज्योति शर्मा, ज्योति मालवीय, जुनेद खान ,पवन राठौड़ के मार्गदर्शन में विद्यार्थियों द्वारा रांगोली तथा दीया सजाओ प्रतियोगिता में रखे। यह अभूतपूर्व अवसर है की ग्रामीण ओर शासकीय विद्यालय के नन्हे विद्यार्थी इतने सुन्दर और आकर्षक प्रस्तुतिया दे रहे है।

